**News clip 28.02.2025**

वर्ष 02 • अंक 201 • उदयपुर, शुक्रवार 28 फरवरी 2025 • प्रधान सम्पादक : विप्लव कुमार जैन • पृष्ठ 8 • दैनिक ई-पेपर

निडर... निष्पक्ष... निर्णायक...

# अगम्य मीडिया

RAJHIN28008

उदयपुर संभाग का सबसे तेज बढ़ता दैनिक सायंकालीन हिन्दी समाचार पत्र

जय दृष्टि आई हॉस्पिटल
VIBRA CLINICS
BCI BUSINESS CIRCLE INDIA

## होमसाइंस एल्युमनी मीट का आगाज, तीन-चार दशक बाद मिली पूर्व छात्राओं ने खूब की हंसी ठिठोली, लगाए ठुमके

अगम्य मीडिया
www.agamymedia.com






**उदयपुर।** महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के संघटक सामुदायिक एवं व्यावहारिक विज्ञान महाविद्यालय (होम साइंस कॉलेज)की दो दिवसीय एल्युमनी मीट शुक्रवार को शुरू हुई। कार्यक्रम में वर्ष 1981 से 95 बैच की पूर्व छात्राओं ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। पूर्व छात्राओं में कई सात समंदर पार यानी लंदन, अमरीका से पहुंची और कॉलेज परिसर में खूब हंसी-ठिठोली करते हुए पुरानी यादों को ताजा किया। पूर्व छात्राओं जिनमें कई नामचीन अधिकारी व उद्यमी है और टेक्सटाइल, फूड प्रोसेसिंग में अच्छा नाम कमा चुकी है, अपना-अपना स्टॉल लगाए जहां पूर्व छात्राओं और वर्तमान में अध्ययनरत छात्राओं ने गर्मजोशी से खूब खरीदारी की। शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम में पूर्व छात्राओं ने खूब ठुमके लगाये और मनभावन प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए एमपीयूएटी के कुलपति डॉ. अजीत कुमार कर्नाटक ने कहा कि इस महाविद्यालय ने समाज को कई जाने-माने वैज्ञानिक और शिक्षक दिए हैं। जिन्होंने विश्वविद्यालय एवं समाज के लिए अविस्मरणीय योगदान दिया।

---

ई-न्यूज

# 24 न्यूज अपडेट

WebSite.: https://24newsupdate.in
उदयपुर, शुक्रवार 28 फरवरी 2025
Mail Id :desk24newsupdate@gmail.com
वर्ष 1 अंक 350
पृष्ठ 4

## होम साइंस एल्युमनी मीट का आगाजतीन-चार दशक बाद मिली पूर्व छात्राओं ने खूब की हंसी ठिठोली, लगाए ठुमके



24 न्यूज़ अपडेट

उदयपुर, 28 फरवरी। महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के संघटक सामुदायिक एवं व्यावहारिक विज्ञान महाविद्यालय (होम साइंस कॉलेज) की दो दिवसीय एल्युमनी मीट शुक्रवार को शुरू हुई। कार्यक्रम में वर्ष 1981 से 1995 बैच की पूर्व छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कई पूर्व छात्राएं सात समंदर पार लंदन और अमेरिका से पहुंचीं और कॉलेज परिसर में हंसी-ठिठोली करते हुए पुरानी यादों को ताजा किया। कई पूर्व छात्राएं, जो नामचीन अधिकारी और उद्यमी हैं तथा टेक्सटाइल और फूड प्रोसेसिंग में अच्छा नाम कमा चुकी हैं, उन्होंने अपने-अपने स्टॉल लगाए। इन स्टॉल्स पर पूर्व छात्राओं और वर्तमान में अध्ययनरत छात्राओं ने गर्मजोशी से खरीदारी की। शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम में पूर्व छात्राओं ने जमकर ठुमके लगाए और मनभावन प्रस्तुतियां दीं।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए एमपीयूएटी के कुलपति डॉ. अजीत कुमार कर्नाटक ने कहा कि इस महाविद्यालय ने समाज को कई जाने-माने वैज्ञानिक और शिक्षक दिए हैं, जिन्होंने विश्वविद्यालय एवं समाज के लिए अविस्मरणीय योगदान दिया। उन्होंने आह्वान किया कि पूर्व छात्राएं वर्तमान में अध्ययनरत विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर बनाने में सहायता एवं मार्गदर्शन करें। यह महाविद्यालय वर्ष 1966 में स्थापित हुआ, जबकि पंतनगर में 1976 में होम साइंस कॉलेज शुरू हुआ। इससे स्पष्ट है कि उदयपुर एवं मेवाड़ में महिला शिक्षा की अलख बहुत पहले ही जग चुकी थी। आज महिलाएं न केवल गृह विज्ञान बल्कि इंजीनियरिंग, डॉक्टरी पेशे में अपना नाम कमा रही हैं तथा हवाई जहाज और रेल तक चला रही हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि नई पीढ़ी महाविद्यालय को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगी।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रोफेसर सुनीता मिश्रा, कुलपति, मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय ने राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए गृह विज्ञान के समाज के विकास में योगदान पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि आज के दिन हम वैज्ञानिक डॉ. सी.वी. रमन को याद करते हैं, क्योंकि उन्होंने प्रकाश के रमन प्रभाव की खोज की थी। आज महिलाएं विज्ञान और तकनीक में नए आयाम स्थापित कर रही हैं। नैनो टेक्नोलॉजी से लेकर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तक, महिलाएं पुरुषों से एक कदम आगे विभिन्न क्षेत्रों में नित नए आविष्कार कर रही हैं। यही नहीं, घर संभालने वाली महिलाएं भी किसी वैज्ञानिक से कमतर नहीं आंकी जा सकती हैं। विशिष्ट अतिथि कुंवरानी साहिबा श्रीमती निवृत्ति कुमारी मेवाड़ ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि महाविद्यालय का शिक्षण, अनुसंधान एवं प्रसार गतिविधियों में योगदान अमूल्य है। एमपीयूएटी कृषि में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के साथ ही उनके स्वास्थ्य, सैनिटेशन और जैविक खेती के क्षेत्र में सराहनीय कार्य कर रहा है, जिसकी वे स्वयं साक्षी रही हैं। उन्होंने पूरे स्टाफ को समाज के लिए मेहनत एवं लगन से कार्य करने के लिए धन्यवाद दिया।

कार्यक्रम की शुरुआत में महाविद्यालय की कार्यवाहक अधिष्ठाता, डॉ. सुमन औदीच्य ने महाविद्यालय की उपलब्धियों को रेखांकित करते हुए अब तक की गतिविधियों की जानकारी दी। होम साइंस कॉलेज पूर्व छात्रा कल्याण परिषद की अध्यक्ष, डॉ. सुमन सिंह ने एल्युमनी मीट की गतिविधियों का विवरण प्रस्तुत किया और बताया कि इस समागम में लगभग 200 पूर्व छात्राएं भाग ले रही हैं। कार्यक्रम में होम साइंस एल्युमनी एसोसिएशन के लोगो का विमोचन भी किया गया। साथ ही महाविद्यालय में लंबे समय तक विशेष योगदान के लिए वरिष्ठ जनों को सम्मानित किया गया। अंत में परिषद की सचिव डॉ. गायत्री तिवारी ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

**News clip 01.03.2025**

• वर्ष 40 • अंक 144 • प्रभात • पंजीयन सं. 46518/85 • पृष्ठ 8 • मूल्य ₹ 3 /- • संस्थापक : स्व. श्री कुंजबिहारी आचार्य

# दैनिक पुकार

www.dainikpukar.com | उदयपुर शनिवार दिनांक 1 मार्च 2025 | दक्षिणी राजस्थान का प्रमुख हिन्दी दैनिक

# होमसाइंस कॉलेज की एल्युमनी मीट का आगाज

## तीन-चार दशक बाद मिली पूर्व छात्राओं ने खूब की हंसी ठिठोली, लगाए ठुमके

उदयपुर (पुकार)। महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के संघटक सामुदायिक एवं व्यावहारिक विज्ञान महाविद्यालय (होम साइंस कॉलेज)की दो दिवसीय एल्युमनी मीट शुक्रवार को शुरू हुई। कार्यक्रम में वर्ष 1981 से 95 बैच की पूर्व छात्राओं ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। पूर्व छात्राओं में कई सात समंदर पार यानी लंदन, अमरीका से पहुंची और कॉलेज परिसर में खूब हंसी-ठिठोली करते हुए पुरानी यादों को ताजा किया। पूर्व छात्राओं जिनमें कई नामचीन अधिकारी व उद्यमी है और टेक्सटाइल, फूड प्रोसेसिंग में अच्छा नाम कमा चुकी है, अपना-अपना स्टॉल लगाए जहां पूर्व छात्राओं और वर्तमान में अध्ययनरत छात्राओं ने गर्मजोशी से खूब खरीदारी की। शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम में पूर्व छात्राओं ने खूब ठुमके लगाये और



मनभावन प्रस्तुतियां दी।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए एमपीयूएटी के कुलपति डॉ. अजीत कुमार कर्नाटक ने कहा कि इस महाविद्यालय ने समाज को कई जाने-माने वैज्ञानिक और शिक्षक दिए हैं। जिन्होंने विश्वविद्यालय एवं समाज के लिए अविस्मरणीय योगदान दिया। उन्होंने आह्वान किया कि पूर्व छात्राएं वर्तमान में अध्ययनरत विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर बनाने में सहायता व मार्गदर्शन करें। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रोफेसर सुनीता मिश्रा, कुलपति, मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय ने कहा कि राष्टीउम्र विज्ञान दिवस का महत्व बताते हुए गृह विज्ञान का समाज के विकास में योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आज के दिन हम वैज्ञानिक डॉ. सी.बी. रमन को याद करते हैं, क्योंकि उन्होंने लाईट के रमन इफेक्ट को ईजाद किया। आज महिलाएं भी पुरूषों से एक कदम आगे विज्ञान के नैनो से लेकर एआई तकनीक के सहारे विभिन्न क्षेत्रों में नित नये अविष्कार कर रही हैं। यही नहीं घर सम्भालने वाली महिलाएं भी किसी वैज्ञानिक से कमतर नहीं आंकी जा सकती है।

विशिष्ट अतिथि कुंवरानी साहिबा श्रीमती निवृत्ति कुमारी मेवाड़ ने बधाई देते हुए कहा कि महाविद्यालय का शिक्षण, अनुसंधान एवं प्रसार गतिविधियों में योगदान अमूल्य है। आरंभ में महाविद्यालय की कार्यवाहक




अधिष्ठाता, डॉ सुमन औदीच्य ने महाविद्यालय की उपलब्धियों को रेखांकित करते हुए महाविद्यालय की अब तक की गतिविधियों की जानकारी दी। होम साइंस कॉलेज पूर्व छात्रा कल्याण परिषद की अध्यक्ष डॉ. सुमन सिंह ने एल्युमनी मीट की गतिविधियों का विवरण प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि इस समागम में लगभग दो सौ पूर्व छात्राएं भाग ले रही हैं।

य एषु सुप्तेषु जागर्ति | पृष्ठ 18 | मूल्य 5.00 | उदयपुर, शनिवार, 1 मार्च, 2025 | फाल्गुन शुक्ल पक्ष द्वितीया संवत् 2081 — राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, कर्नाटक, गुजरात, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल और दिल्ली से प्रकाशित

# राजस्थान पत्रिका

पत्रिका अखबार हर दिन लोगों के घर के दरवाजे खोलता है और पढ़ने के बाद मन के दरवाजे खोलता है।

01/03/2025 | Udaipur City | Page : 1
Source : https://epaper.patrika.com/

#AlumniMeet | पुरानी यादों को किया ताजा, शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम में दी प्रस्तुति

# होम साइंस एलुमनी मीट का आगाज, तीन से चार दशक बाद मिली पूर्व छात्राएं, साथ में खूब की हंसी-ठिठोली

पत्रिका plus रिपोर्टर
patrika.com

उदयपुर. महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के संघटक सामुदायिक एवं व्यावहारिक विज्ञान महाविद्यालय (होम साइंस कॉलेज) की दो दिवसीय एलुमनी मीट शुक्रवार से शुरू हुई। कार्यक्रम में वर्ष 1981 से 95 बैच की पूर्व छात्राओं ने भाग लिया। पूर्व छात्राओं में कई सात समंदर पार लंदन, अमरीका से पहुंची और कॉलेज परिसर में खूब हंसी-ठिठोली करते हुए पुरानी यादों को ताजा किया। इन्होंने अपने-अपने स्टॉल लगाए, जहां पूर्व और वर्तमान छात्राओं ने खूब खरीदारी की। शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम में पूर्व छात्राओं ने ठुमके लगाए और प्रस्तुतियां दीं।






दो दिवसीय एलुमनी में भाग लेते पूर्व व वर्तमान विद्यार्थी तथा कार्यक्रम को संबोधित करते अतिथि। पत्रिका

अध्यक्षता करते हुए एमपीयूएटी के कुलपति डॉ. अजीत कुमार कर्नाटक ने कहा कि इस महाविद्यालय ने समाज को कई जाने-माने वैज्ञानिक और शिक्षक दिए हैं। जिन्होंने विश्वविद्यालय एवं समाज के लिए अविस्मरणीय योगदान दिया। आह्वान किया कि पूर्व छात्राएं वर्तमान में अध्ययनरत विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर बनाने में सहायता व मार्गदर्शन करें। यह महाविद्यालय 1966 में स्थापित हुआ, जबकि पंतनगर में 1976 में होम साइंस कॉलेज शुरू हुआ। इससे साफ जाहिर है कि उदयपुर बल्कि मेवाड़ में महिला शिक्षा की अलख बहुत पहले ही जग चुकी थी। मुख्य अतिथि सुविवि की कुलपति प्रो. सुनीता मिश्रा ने राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का महत्व बताते हुए गृह विज्ञान का समाज के विकास में योगदान पर चर्चा की। विशिष्ट अतिथि निवृत्ति कुमारी मेवाड़ ने बधाई देते हुए कहा कि महाविद्यालय का शिक्षण, अनुसंधान एवं प्रसार गतिविधियों में योगदान अमूल्य है। महाविद्यालय की कार्यवाहक अधिष्ठाता, डॉ. सुमन औदिच्य ने महाविद्यालय की उपलब्धियों को रेखांकित करते हुए महाविद्यालय की अब तक की गतिविधियों की जानकारी दी। होम साइंस कॉलेज पूर्व छात्रा कल्याण परिषद की अध्यक्ष डॉ. सुमन सिंह ने एलुमनी मीट की गतिविधियों का विवरण पेश किया। बताया कि इस समागम में लगभग दो सौ पूर्व छात्राएं भाग ले रही हैं। इस दौरान होम साइंस एलुमनी एसोसिएशन के लोगो का विमोचन किया। महाविद्यालय में लंबे समय तक विशेष योगदान के लिए वरिष्ठजनों को सम्मानित किया। परिषद की सचिव डॉ. गायत्री तिवारी ने धन्यवाद दिया।




भारत सरकार व राजस्थान सरकार द्वारा विज्ञापन के लिए स्वीकृत

# आत्मा की ज्वाला

www.aatmakijwala.com | उदयपुर संभाग मे एक साथ प्रसारित

BCI BUSINESS CIRCLE INDIA

■ वर्ष- 33 ■ अंक- 22 ■ आर.एन.आई. रजि. नं. 56342 ■ डूंगरपुर, शनिवार, 01 मार्च 2025 ■ प्रभात ■ पौस्टल रजि. आर. जे./डी.पी.आर. /03/2024-2026 ■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य 1.00 रुपया

होमसाइंस एल्युमनी मीट का आगाज

# तीन-चार दशक बाद मिली पूर्व छात्राओं ने खूब की हंसी ठिठोली, लगाए ठुमके

आत्मा की ज्वाला, उदयपुर -

महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के संघटक सामुदायिक एवं व्यावहारिक विज्ञान महाविद्यालय (होम साइंस कॉलेज)की दो दिवसीय एल्युमनी मीट शुक्रवार को शुरू हुई। कार्यक्रम में वर्ष 1981 से 95 बैच की पूर्व छात्राओं ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। पूर्व छात्राओं में कई सात समंदर पार यानी लंदन, अमरीका से पहुंची और कॉलेज परिसर में खूब हंसी-ठिठोली करते हुए पुरानी यादों को ताजा किया। पूर्व छात्राओं जिनमें कई नामचीन अधिकारी व उद्यमी है और टेकसटाइल, फूड प्रोसेसिंग में अच्छा नाम कमा चुकी है, अपना-अपना स्टॉल लगाए जहां पूर्व छात्राओं और वर्तमान में अध्ययनरत छात्राओं ने गर्मजोशी से खूब खरीदारी की। शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम में पूर्व छात्राओं ने खूब ठुमके लगाये और मनभावन प्रस्तुतियां दी।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए एमपीयूएटी के कुलपति डॉ. अजीत कुमार कर्नाटक ने कहा कि इस महाविद्यालय ने समाज को कई जाने-माने वैज्ञानिक और शिक्षक दिए है। जिन्होंने विश्वविद्यालय एवं समाज के लिए अविस्मरणीय योगदान दिया। उन्होंने आह्वान किया कि पूर्व छात्राएं वर्तमान में अध्ययनरत विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर बनाने में सहायता व मार्गदर्शन करें। यह महाविद्यालय वर्ष 1966 में स्थापित हुआ जबकि पंतनगर में 1976 में होम साइंस कॉलेज शुरू हुआ। इससे साफ जाहिर है कि उदयपुर बल्कि मेवाड़ में महिला शिक्षा की अलख बहुत पहले ही जग चुकी थी। आज महिलाएं न केवल गृह विज्ञान बल्कि इंजीनियरिंग, डाक्टरी पेशे में अपना नाम कमा रही हैं तथा हवाई जहाज और रेल तक चलाने लगी है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि नई पीढ़ी महाविद्यालय को नयी ऊंचाईयों पर ले जाएगी।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रोफेसर सुनीता मिश्रा, कुलपति, मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय ने कहा कि राष्टीउम्र विज्ञान दिवस का महत्व बताते हुए गृह विज्ञान का समाज के विकास में योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आज के दिन हम वैज्ञानिक डॉ. सी.बी. रमन को याद करते हैं, क्योंकि उन्होंने लाईट के रमन इफेक्ट को ईजाद किया। आज महिलाएं भी पुरूषों से एक कदम आगे विज्ञान के नैनो से लेकर एआई तकनीक के सहारे विभिन्न क्षेत्रों में नित नये अविष्कार कर रही हैं। यही नहीं घर सम्भालने वाली महिलाएं भी किसी वैज्ञानिक से कमतर नहीं आंकी जा सकती है।

विशिष्ट अतिथि कुंवरानी साहिबा श्रीमती निवृत्ति कुमारी मेवाड़ ने बधाई देते हुए कहा कि महाविद्यालय का शिक्षण, अनुसंधान एवं प्रसार गतिविधियों में योगदान अमूल्य है। एमपीयूएटी कृषि में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने सहित उनके स्वास्थ्य, सेनेटाइजेशन एवं जैविक खेती के क्षेत्र में सराहनीय कार्य कर रहा है और मैं स्वयं इसकी साक्षी रही हूं।




एमपीयूएटी के पूरे स्टाफ को समाज के लिए मेहनत एवं लगन से कार्य करने के लिए धन्यवाद देती हूं।

आरंभ में महाविद्यालय की कार्यवाहक अधिष्ठाता, डॉ सुमन औदीच्य ने महाविद्यालय की उपलब्धियों को रेखांकित करते हुए महाविद्यालय की अब तक की गतिविधियों की जानकारी दी। होम साइंस कॉलेज पूर्व छात्रा कल्याण परिषद की अध्यक्ष डॉ. सुमन सिंह ने एल्युमनी मीट की गतिविधियों का विवरण प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि इस समागम में लगभग दो सौ पूर्व छात्राएं भाग ले रही हैं।

कार्यक्रम में होम साइंस एल्युमनी एसोसिएशन के लोगो का विमोचन भी किया गया। साथ ही महाविद्यालय में लंबे समय तक विशेष योगदान के लिए वरिष्ठ जनों को सम्मानित किया गया। परिषद की सचिव डॉ. गायत्री तिवारी ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

# News clip 02.03.2025

• वर्ष 40 • अंक 145 • प्रभात • पंजीयन सं. 46518/85 • पृष्ठ 8 • मूल्य ₹ 3 /- • संस्थापक : स्व. श्री कुंजबिहारी आचार्य
दैनिक पुकार
www.dainikpukar.com
उदयपुर रविवार दिनांक 2 मार्च 2025
दक्षिणी राजस्थान का प्रमुख हिन्दी दैनिक

## होम साइंस एलुमनाई मीट का समापन






उदयपुर (पुकार)। महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के संघटक सामुदायिक एवं व्यावहारिक विज्ञान महाविद्यालय में आयोजित एलुमनाई मीट के दूसरे दिन सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थानों में शीर्ष पदों पर कार्यरत पूर्व छात्राओं से संवाद किया गया।

होम साइंस एल्युमिनी एसोसिएशन के दूसरे दिन साधारण सभा की बैठक डॉ. सुमन सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई जिसमें संगठन की आगामी गतिविधियों की रूपरेखा तैयार की गई इसमें सभी से इस वर्ष के मिलन समारोह पर फीडबैक लिया साथ ही कई तरह की मनोरंजक गतिविधियों रैंप वॉक, खेल आयोजित किए गए।

इस अवसर पर विभिन्न वर्षों में मिस होम साइंस रही छात्राओं नृत्य गायन आदि रोचक प्रस्तुति दी पूर्व छात्र उमा जोशी द्वारा लिखित पंचतंत्र कथा संत्री नमक कॉफी टेबल बुक पुस्तकालय को भेंट की गई।

होम साइंस एल्युमिनी एसोसिएशन की साधारण सभा की बैठक भी आयोजित की गई जिसमें संगठन की आगामी गतिविधियों की रूपरेखा तैयार की गई।

इसमें सभी से इस वर्ष के मिलन समारोह पर फीडबैक लिया साथ ही कई तरह की मनोरंजक गतिविधियों रैंप वॉक, खेल आयोजित किए गए एवं लकी ड्रा निकाला गया।

इस अवसर पर विभिन्न वर्षों में मिस होम साइंस रही छात्राओं ने नृत्य, गायन आदि रोचक प्रस्तुतिया दी पूर्व छात्र डॉ. उमा जोशी द्वारा लिखित पंचतंत्र कथा मंजरी नामक कॉफी टेबल बुक पुस्तकालय को भेंट की गई।

Mukesh Madhwani
9829243207
Founder, Business Circle India
आत्मा की ज्वाला
भारत सरकार व राजस्थान सरकार द्वारा विज्ञापन के लिए स्वीकृत
www.aatmakijwala.com
उदयपुर संभाग मे एक साथ प्रसारित
BCI BUSINESS CIRCLE INDIA
■ वर्ष- 33 ■ अंक- 23 ■ आर.एन.आई. रजि. नं. 56342 ■ डूंगरपुर, रविवार, 02 मार्च 2025 ■ प्रभात ■ पोस्टल रजि. आर. जे./डी.पी.आर. /03/2024-2026 ■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य 1.00 रुपया

## होम साइंस एलुमनाई मीट का समापन

आत्मा की ज्वाला
www.aatmakijwala.com




उदयपुर-
महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के संघटक सामुदायिक एवं व्यावहारिक विज्ञान महाविद्यालय में आयोजित एलुमनाई मीट के दूसरे दिन सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थानों में शीर्ष पदों पर कार्यरत पूर्व छात्राओं से संवाद किया गया होम साइंस एल्युमिनी एसोसिएशन के दूसरे दिन साधारण सभा की बैठक डॉ. सुमन सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई जिसमें संगठन की आगामी गतिविधियों की रूपरेखा तैयार की गई इसमें सभी से इस वर्ष के मिलन समारोह पर फीडबैक लिया साथ ही कई तरह की मनोरंजक गतिविधियों रैंप वॉक, खेल आयोजित किए गए इस अवसर पर विभिन्न वर्षों में मिस होम साइंस रही छात्राओं नृत्य गायन आदि रोचक प्रस्तुति दी पूर्व छात्र उमा जोशी द्वारा लिखित पंचतंत्र कथा संत्री नमक कॉफी टेबल बुक पुस्तकालय को भेंट की गई। होम साइंस एल्युमिनी एसोसिएशन की साधारण सभा की बैठक भी आयोजित की गई जिसमें संगठन की आगामी गतिविधियों की रूपरेखा तैयार की गई इसमें सभी से इस वर्ष के मिलन समारोह पर फीडबैक लिया साथ ही कई तरह की मनोरंजक गतिविधियों रैंप वॉक, खेल आयोजित किए गए एवं लकी ड्रा निकाला गया इस अवसर पर विभिन्न वर्षों में मिस होम साइंस रही छात्राओं ने नृत्य, गायन आदि रोचक प्रस्तुतिया दी पूर्व छात्र डॉ. उमा जोशी द्वारा लिखित पंचतंत्र कथा मंजरी नामक कॉफी टेबल बुक पुस्तकालय को भेंट की गई।

राजस्थान पत्रिका SUNDAY
उदयपुर, रविवार, 02 मार्च, 2025
02/03/2025 | Udaipur City | Page : 1
Source : https://epaper.patrika.com/

## होम साइंस एलुमनी मीट, आगामी गतिविधियों को लेकर बनाई रूपरेखा




**उदयपुर.** महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के संघटक सामुदायिक एवं व्यावहारिक विज्ञान महाविद्यालय में आयोजित एलुमनी मीट के दूसरे दिन सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थानों में शीर्ष पदों पर कार्यरत पूर्व छात्राओं से संवाद किया। होम साइंस एलुमनी एसोसिएशन के दूसरे दिन साधारण सभा की बैठक डॉ. सुमन सिंह की अध्यक्षता में हुई। संगठन की आगामी गतिविधियों की रूपरेखा तैयार की, इसमें सभी से इस वर्ष के मिलन समारोह पर फीडबैक लिया। इसके साथ ही विभिन्न गतिविधियां हुई।

पूर्व छात्र उमा जोशी ने लिखित पंचतंत्र कथा संत्री नमक कॉफी टेबल बुक पुस्तकालय को भेंट की। होम साइंस एलुमनी एसोसिएशन की साधारण सभा की बैठक भी हुई। जिसमें संगठन की आगामी गतिविधियों की रूपरेखा तैयार की।